RCSE
# राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्
डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017
दूरभाष – 0141–2709846, E-mail: trainings.rmsaraj@gmail.com

क्रमांक. रामाशिप / जय / प्रशिक्षण / शिक्षक प्रशिक्षण / 2017–18 / 1970 दिनांक 13/3/2018

जिला शिक्षा अधिकारी (मा.शि.)
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान
समस्त जिले


**विषय :– शाला दर्पण पर शिक्षक (द्वितीय श्रेणी) प्रशिक्षण मॉड्यूल अपडेट बाबत्।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्रतिवर्ष माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत द्वितीय श्रेणी के शिक्षकों का अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान, एवं विज्ञान विषय में 10 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है।

सत्र 2018–19 में ऐसे द्वितीय श्रेणी के शिक्षकों का उक्त विषयों में प्रशिक्षण का आयोजन कराया जाना है, जिन्होंने दिसम्बर 2015 के बाद 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है। प्रशिक्षण हेतु विषयवार सूची प्राप्त करने की दृष्टि से शाला दर्पण पर मॉड्यूल लाइव किया गया है।

इसे शालादर्पण पर फीड करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :–

- स्कूल लॉगिन ⟶ शिक्षक ⟶ Summer training पर क्लिक करें।
- केवल उन्हीं द्वितीय श्रेणी शिक्षकों का विवरण भरना है जिन्होंने दिसम्बर 2015 के बाद 10 दिवसीय विषयगत (अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान, एवं विज्ञान) शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है अथवा अब तक कभी भी प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है। सारणी में शिक्षक का नाम, Employee ID , तथा विषय दिखाई देंगे। उदाहरण के लिए एक विद्यालय का Snapshot नीचे दर्शाया गया है :–




| क्र.सं. | नाम | एम्प्लॉई आई डी | विषय | Working Status | गत 10 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्ति का वर्ष | ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण 2018 -19 की इच्छित अवधि | Action |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Karani singh | RJAJ201401025154 | English | Select Status | Select Year | Select Duration | |
| 2 | Lokendra singh | RJAJ201401025167 | Science | Select Status | Select Year | Select Duration | |

www.rajteachers.com

शिक्षक के सम्मुख कॉलम में :–

- Working status में (इन तीन वर्षों में पदोन्नत, नवनियुक्त या 2015 से पूर्व कार्यरत) में से चयन करें।
- गत 10 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्ति का वर्ष भरें। यदि किसी शिक्षक ने अब तक कोई प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है तो इस कॉलम में None चयन करें तथा अगले कॉलम को भरें।
- ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण 2018–19 की इच्छित अवधि (संभावित प्रशिक्षण तिथि 16 मई –25 मई, 27 मई – 5 जून, 7 जून–16 जून) का किसी एक का अनिवार्यतः चयन करें। प्रशिक्षण आयोजन में शिक्षक की इच्छित अवधि को प्राथमिकता देने का प्रयास किया जाएगा। किन्तु वर्ष 2018–19 की वार्षिक कार्य योजना में अनुमोदन एवं तत्कालीन परिस्थितिवश प्रशिक्षण की अवधि में परिवर्तन किया जा सकेगा।
- Action में Save करें।

समस्त माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों द्वारा मॉड्यूल में फीडिंग कार्य दिनांक 21 मार्च 2018 तक भरवाया जाकर सुनिश्चित करें ताकि सत्र 2018–19 की वार्षिक कार्ययोजना आधारित प्रशिक्षण में शिक्षक प्रशिक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया जा सके।

www.rajteachers.com

(आनन्दी)
राज्य परियोजना निदेशक

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, रामाशिप जयपुर।
3. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर।
4. उपायुक्त शालादर्पण, रामाशिप, जयपुर।
5. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समस्त जिले को पालनार्थ।
6. कार्यालय प्रति।

राज्य परियोजना निदेशक